OGO
ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination
SLE 2024

SET: I

# GRADE 5

# हिंदी

Subject Code: 6 0 1

**Total Questions:** 30 **Total Marks:** 30 **Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोलें जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रक** पर दिए गए निर्देशों को पढ़ें और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **एचबी पेंसिल** से भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 30 **बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। **प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।** दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रक** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फ़ोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली स्थानों पर रफ़ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश : इस प्रश्न-पत्र में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

## खंड ( क ) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

**1. जन्म लेने के कुछ महीनों बाद बच्चा जब अपने परिवेश से भाषा सीखता है, तब किन दो कौशलों पर अधिकार करता है?**

(A) सुनना तथा पढ़ना (B) पढ़ना तथा लिखना

(C) सुनना तथा बोलना (D) बोलना तथा लिखना

**2. संयुक्त व्यंजन से बना शब्द है–**

(A) पहर (B) बरतन

(C) व्यक्ति (D) रचना

**3. 'प् + अ + र् + इ + व् + अ + र् + त् + अ + न् + अ' वर्णों के मेल से बना सही शब्द है–**

(A) परिव्रतन (B) परिवर्तन

(C) परिवृतन (D) परिवतर्न

**4. 'नायरा विद्यालय जा रही है।' इस वाक्य में 'नायरा' है–**

(A) जातिवाचक संज्ञा

(B) समूहवाचक संज्ञा

(C) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(D) भाववाचक संज्ञा




**5. '<u>वृक्ष से</u> पत्ते गिर रहे हैं।' वाक्य के रेखांकित पद में कारक है–**

(A) कर्ता कारक (B) अपादान कारक

(C) करण कारक (D) तीनों विकल्प गलत

**6. '.............................. खाना खा रहे हैं।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए सर्वनाम शब्द चुनिए–**

(A) तुम (B) कोई

(C) मैं (D) वे

**7. किस वाक्य का रंगीन पद परिमाणवाचक विशेषण है?**

(A) गरमियों में भी वह गरम पानी पीती है।
(B) कच्चे अमरूद क्यों खा रहे हो?
(C) दस किलो चीनी कितने की है?
(D) उसने परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**8. किस वाक्य में अकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?**

(A) दक्ष और रोहन बैडमिंटन खेलते हैं।
(B) बच्चे प्रतिदिन मैदान में दौड़ते हैं।
(C) आप कहानी कब लिखेंगे?
(D) मुझे आज एक चित्र बनाना है।

**9. 'परिश्रम .............................. सफलता नहीं मिलती।' वाक्य के रिक्त स्थान हेतु उचित अव्यय चुनिए।**

(A) के साथ
(B) के बिना
(C) के अलावा
(D) के लिए



**10. 'सुमन के दोस्त की बहन कल अपने हॉस्टल जा रही है।' वाक्य का सही उद्देश्य चुनिए।**

(A) सुमन के दोस्त
(B) सुमन के दोस्त की बहन कल
(C) सुमन के दोस्त की बहन
(D) सुमन के दोस्त की

**11. कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?**

(A) बच्चे को कुत्ते ने काट लिया।
(B) वे अभी तक नहीं पहुँचे हैं।
(C) मज़दूरों ने पेड़ काट दिए हैं।
(D) हमका झूठ मत बोलिए।

**12. '.............................. दृश्य मनोहारी होता है।' वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति शुद्ध शब्द वाले विकल्प को चुनकर कीजिए।**

(A) प्रकृतिक
(B) प्राक्रतिक
(C) प्राकृतीक
(D) प्राकृतिक



13. **योजक-चिह्न वाला वाक्य कौन-सा है?**

(A) हवा से झूला ऊपर हो रहा था।

(B) क्या मैं तुम्हारे साथ खेल सकता हूँ?

(C) साहिल ने प्रथम आने के लिए दिन-रात एक कर दिया था।

(D) अंजलि, रितिका और सोनम मेला देखने गईं।

14. **कौन-से दो शब्द पर्यायवाची हैं?**

(A) अमृत, प्रभु

(B) नभ, व्योम

(C) बाग, जंगल

(D) धरा, नदी

15. **किस शब्द का विलोम सही है?**

(A) अनुज–अग्रज

(B) दनुज–कनुज

(C) प्रशंसा–तारीफ़

(D) उचित–समुचित

16. **'कपट-कपाट' श्रुतिसमभिन्नार्थी शब्द-युग्म का समानार्थी शब्द-युग्म कौन-सा है?**

(A) दरवाज़ा–धोखा

(B) कपड़ा–दरवाज़ा

(C) धोखा–दरवाज़ा

(D) छल–वस्त्र

17. **'जिसका कोई अंत न हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द है–**

(A) अक्षत

(B) अनंत

(C) अक्षर

(D) नश्वर

18. **'नींद' शब्द किस तत्सम शब्द का तद्भव रूप है?**

(A) स्वप्न

(B) निद्रा

(C) सोना

(D) निशा




**19. कौन-सा शब्द विदेशी शब्द है?**

(A) घृत (B) रात


(C) दयालु (D) स्वेटर

**20. भारतीय संविधान के जनक कौन हैं?**

(A) 
महात्मा गांधी

(B) 
भीमराव अंबेडकर

(C) 
जवाहरलाल नेहरू

(D) 
राजेंद्र प्रसाद

**21. 'इंसुलिन' (Insulin) का इंजेक्शन किस रोग के लिए लगाया जाता है?**

(A) सिर दर्द (B) ब्लड प्रेशर

(C) डायबिटीज़ (D) अस्थमा

**22. 'टाँग अड़ाना' मुहावरे का सही अर्थ है–**

(A) पैर में चोट लगना (B) विघ्न डालना

(C) मना कर देना (D) सम्मान कम होना


**23. 'भरतनाट्यम' किस राज्य का शास्त्रीय नृत्य है?**

(A) गुजरात (B) मध्य प्रदेश

(C) गोवा (D) तमिलनाडु



**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 24 तथा 25 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**



किसी की सेवा करने का अपना अलग ही आनंद होता है। यदि किसी को एक बार इस आनंद की आदत पड़ जाती है, तो वह जीवन भर छूटती नहीं। जो बिना किसी स्वार्थ के दूसरों की सेवा करता है, उसका कोई मुकाबला नहीं कर सकता। ठीक उसी प्रकार, जिस प्रकार सूरज बदले में कुछ पाने की इच्छा रखे बिना सभी को धूप और रोशनी देता है; चंद्रमा शीतलता प्रदान करता है; धरती अन्न देती है; जल जीवन देता है तथा हवा प्राण देती है। ऐसे लोग जो निस्स्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करते हैं, स्वतः ही लोगों के दिलों में स्थान प्राप्त कर लेते हैं। हमारे देश में ऐसे न जाने कितने ही परोपकारी समाजसेवी, संत-महापुरुष हुए हैं, जिन्होंने करोड़ों लोगों के दिलों में अपना घर बना लिया है; जैसे– विनोबा भावे, बाबा आमटे, मदर टेरेसा आदि।

**24. किनका कोई मुकाबला नहीं कर सकता?**

(A) भारतीय क्रिकेट टीम का
(B) दूसरों की सेवा करने वालों का
(C) दान करने वालों का
(D) दूसरों को परेशान करने वालों का

**25. धरती प्रदान करती है–**

(A) अन्न
(B) शीतलता
(C) प्राण
(D) धूप

## खंड (ख) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**26. शृंखला को पूरा करने के लिए सोच-समझकर विकल्प चुनिए–**

**देवनागरी – रोमन – गुरुमुखी – ..............................**

(A) हिंदी
(B) अंग्रेज़ी
(C) फ़ारसी
(D) चीनी

**27. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

(A) किसी कार्य के होने या करने का बोध कराने वाले शब्दों को 'क्रिया' कहते हैं।
(B) कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं।
(C) समय का भाषिक रूप ही 'काल' है।
(D) अकर्मक क्रिया कर्म की अपेक्षा करती है।

**28. सूची-I में दिए गए संज्ञा शब्दों के सूची-II में दिए गए संज्ञा-भेद से सुमेलित होने वाले उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (क) कक्षा | (i) भाववाचक |
| (ख) बचपन | (ii) समूहवाचक |
| (ग) तेल | (iii) व्यक्तिवाचक |
| (घ) हिमालय | (iv) द्रव्यवाचक |

(A) (क) – (iii), (ख) – (ii), (ग) – (i), (घ) – (iv)

(B) (क) – (iv), (ख) – (ii), (ग) – (iii), (घ) – (i)

(C) (क) – (ii), (ख) – (i), (ग) – (iv), (घ) – (iii)

(D) (क) – (ii), (ख) – (i), (ग) – (iii), (घ) – (iv)

**29. 'काला अक्षर भैंस बराबर' लोकोक्ति का सही वाक्य-प्रयोग है–**

(A) रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेज़ों को काला अक्षर भैंस बराबर सिखाया।

(B) फैक्ट्री में आग लगने का समाचार पाकर सेठ जी को काला अक्षर भैंस जैसा दिखने लगा।

(C) अच्छे व्यक्ति के लिए काला अक्षर भैंस जैसा होता है।

(D) रितेश पढ़ना-लिखना नहीं जानता। उसके लिए काला अक्षर भैंस बराबर है।

**30. असंगत अविकारी शब्द-समूह है–**

(A) के पीछे, के बाहर, के बिना

(B) आज, या, थोड़ा

(C) ध्यानपूर्वक, तेज़, बहुत

(D) और, ताकि, बल्कि

D:\Working\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-3_to_10\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-5_(03-08-2024)_OK\Open_Files\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-5_Set-1
\ 03-Aug-2024 **Praveen Kumar** **Proof-5** Reader's Sign ______________________ Date __________